तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025

13 चार साल पहले 92 लाख की लागत से बना दी टंकी दूर...



14 जय अंबे रामधुनी परिवार कजराबांधा को दिया गया...





# महज एक फीट नीचे मिले भालू के चारों पंजे, तस्करी की जताई जा रही है आशंका

## बोरिदगांव में भालू की मौत के 28 दिन बाद निकाली गई दफन लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

28 दिन बाद आखिरकार भालू की मौत का दफन राज शनिवार को उजागर हुआ। वन विभाग के अफसरों और वेटनरी की टीम की मौजूदगी में भालू के दफन लाश को निकाला गया, जहां भालू का शरीर जमीन की गहराई में मिला तो वहीं भालू के पंजे खुदाई के ऊपरी हिस्से में ही मिले। इससे भालू के पंजे की तस्करी की आशंका जताई जा रही है।

दरअसल 24 फरवरी के दिन तांदुला डैम के डूबान क्षेत्र बोरिदगांव में भालू की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई थी। जिसके बाद चार दिन पहले फोटो वायरल के बाद भालू की मौत के दफन राज को उजागर करने कोशिश शुरू हुई। दो दिनों तक वन कर्मियों और मछुआरों का बयान लिया गया और 28 दिन पहले गुपचुप तरीके से दफनाया गए भालू के शव को खोदकर निकाला गया।

**खुदाई के ऊपरी हिस्से में ही मिले भालू के शरीर से अलग हुए पंजे-** भालू की मौत और उसे दफनाए जाने के मामले के बीच लगातार भालू के अंगों की तस्करी की बात निकलकर सामने आ रही थी। इसी बीच शनिवार को जब भालू के दफन लाश को जमीन से निकाला गया तो खुदाई के ऊपरी हिस्से यानि एक फिट के दायरे में ही भालू के चारों पंजे मिले। उसके बाद लगभग दो फीट और खुदाई करने ⏭ शेष पेज 13 पर



### डीएफओ की मौजूदगी में किया दाह संस्कार

भालू के लाश को पोस्टमार्टम किया जाना था, लेकिन लाश सड़ जाने के कारण उसका केवल सैंपल लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया। आखिर में पंचनामा और सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद डीएफओ सहित वन कर्मियों की मौजूदगी में नियमानुसार भालू का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद वन विभाग की ओर से आगे की कार्यवाही की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### भटगांव में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह 25 को

**बालोद/कलंगपुर।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम भटगांव में ग्रामीण साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 25 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रामधुनी झांकी सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को सुबह 9 बजे से सामाजिक महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जायेगी। दोपहर 12 बजे से हवन–पूजन तथा उसके बाद आमंत्रित अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एवं दोपहर 2 बजे से रामधुनी झांकी सम्मेलन का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद धिराज सिंह साहू होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू समाज गुण्डरदेही मानसिंह सार्वा करेंगे।

### मोंहदीपाठ बाबा मंदिर समिति के पदाधिकारियों का चुनाव 25 को

**बालोद/निकुम।** न्याय सिध्द् जय अर्चना मोंहदीपाठ बाबा में मंदिर में पदाधिकारियों का चुनाव 25 मार्च मंगलवार को होगा।इसके तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर चुनाव होगा। बता दें कि मंदिर समिति में 329 सदस्य हैं। वर्तमान अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि सुबह 11 बजे मंदिर परिसर में चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश व जंवारा स्थापना की तैयारी चल रही है।

### देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**बालोद।** ब्लॉक स्तरीय देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन 23 मार्च को मां परमेश्वरी भवन आमापारा में रखा गया है। जिसमें होली मिलन समारोह एवं आय व्यय वार्षिक लेखा–जोखा के संबंध में चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दीपक देवांगन होंगे, वहीं पूर्व अध्यक्ष केदार देवांगन एवं समाज के पदाधिकारी व स्वजातीय उपस्थित रहेंगे।

### ओपन स्कूल परीक्षा 26 से प्रवेश पत्र वितरण 24 से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य राज्य ओपन स्कूल का परीक्षा 12वीं की 26 मार्च से हिंदी विषय से तथा 27 मार्च 10वी हिंदी विषय से प्रारंभ होगी। ओपन स्कूल प्रभारी वीरेंद्र कुमार भंडारी ने बताया कि प्रवेश पत्र का वितरण 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में किया जाएगा।

### मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 ए, 331 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 13 दुर्ग निवासी किरण अग्रवाल नगर निगम दुर्ग में सहायक का ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ है। मकान में ताला जड़कर अपने काम में निगम आई थी। शाम को पीड़िता अपने काम से घर लौटी तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अज्ञात ने घरेलू सामान पार कर दिया।

## लापरवाही : गुंडरदेही ब्लॉक के कई गांवों में नहर में दिख रहे मोटर पंप

# निस्तारी के लिए छोड़ा गया पानी, कई जगह नहर में पंप लगाकर खेतों में पहुंचा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाटाबोड़

असवन साहू। मार्च माह के अंतिम सप्ताह के साथ ही अब तेज गर्मी पड़ने लगी है। इन दिनों तालाब, कुएं, हैंड पंप, बोर का जल स्तर तेजी से गिरने के कारण पेयजल संकट गहराने लगा है। साथ ही निस्तारी की भी समस्या होने लगी है। वहीं, महिलाओं को रात-रात भर जागकर पानी भरना पड़ रहा है। इधर, पानी की समस्या क्रो देखते हुए शासन-प्रशासन द्वारा नहर से पानी छोड़ा गया है। लेकिन, पूरा पानी तालाबों में नहीं पहुंच पा रहा है। रास्ते में ही नहर नालियों से कुछ किसान पंप लगाकर पानी ले रहे हैं। इन दिनों जिन किसानों ने धान की फसल ली है, वे धान के पौधों क्रो बचाने के लिए बोर से पानी की पूर्ति नहीं होने से नहर किनारे लगे खेत वाले किसान नहर में मोटरपंप लगाकर पानी ले रहे हैं। गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम हल्दी बेलोदी भुसरेंगा सियनमरा समेत मुख्य नहर व कई सहायक नहरों से कई गांवों के किसानों के खेत लगे हुए हैं इनमें से कुछ ऐसे किसान हैं, जिन्होंने रबी सीजन में धान फसल बोर के पानी के भरोसे लगाया है। लेकिन, मार्च माह में पड़ रही भीषण गर्मी से कई किसानों के बोर में पानी की धार पतली हो गई है, कहीं-कहीं बोर बंद भी हो चुका है, जिसके कारण बोर के पानी से खेतों में लगाई धान फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि नहर किनारे के कुछ किसान अपना धान फसल बचाने व फसल पकाने के लिए गुपचुप तरीके से नहर से पानी ले रहे हैं। इससे जल संसाधन व बिजली विभाग के अधिकारी भी शायद अंजान हैं। विभागीय अधिकारियों के मुख्य नहर व सहायक नहर क्षेत्र में जाने से नहर के सिंचाई पानी की चोरी का खुलासा हो सकता है।



### विगत वर्ष करंट लगने से एक किसान की हो गई थी मौत

बता दें कि पिछले साल तांदुला नहर से सीधे मोटर पंप लगाकर पानी लेने के दौरान ग्राम बेलौदी के एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई थी। जिसकी लाश पानी के भीतर मिली थी। उसके बाद भी क्षेत्र के कुछ किसान सबक नहीं ले रहे हैं। यह भी बात सामने आई कि उक्त किसान अपने खेत की फसल बचाने के लिए यहां से मोटर पंप लगाकर पानी चोरी कर रहा था। बिजली विभाग से भी उसने कोई अस्थाई कनेक्शन नहीं लिया था। इस घटना के बाद से आसपास दहशत का माहौल देखने का मिला था।

### कार्रवाई के लिए विद्युत विभाग को दिया आवेदन

गौरतलब है कि सिंचाई विभाग द्वारा हाल ही में निस्तारी की समस्या दूर करने के लिए डेम से पानी छोड़ा गया है। इस सम्बन्ध में जल संसाधन विभाग के एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि बिजली विभाग क्रो इस मोटर पंप के लिए लिए गए अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई के लिए दस दिन पूर्व लिखित में आवेदन दे दिया गया है।

### शिकायत मिल रही है, की जाएगी जांच

इस संबंध में मुझे आवेदन दिया गया है। वहीं, कहीं-कहीं से शिकायत भी मिल रही है। इसके लिए एक-दो दिन में टीम के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई की जाएगी।

**चंद्रशेखर बघेल, जेई, सिकोसा**

# कम करें बिजली कटौती नहीं हो पा रही सिंचाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला मुख्यालय के नजदीक ग्रामों में लगातार मोटरपंप चलने के बाद भी खेतों में पानी नहीं पल पा रहा है। किसानों की शिकायत है कि विद्युत विभाग द्वारा रात में बिजली कटौती बढ़ा दी गई है। दिन में भी कई बार बिजली बंद की जा रही है। इस संबंध में किसानों ने विद्युत विभाग से निवेदन किया है कि खेतों की स्थिति को देखते हुए विद्युत व्यवस्था दुरूस्त रखें।

- फसल बचाने किसानों ने विद्युत विभाग से लगाई गुहार

बता दें कि शनिवार को सुबह 6 बजे से ही किसान विद्युत विभाग झलमला पहुंचे थे, जहां विभागीय अधिकारी नहीं होने के कारण किसान सुबह के 9 बजे फिर से विद्युत विभाग झलमला में पहुंचे। वहां उन्होंने विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और विद्युत विभाग और जिला प्रशासन से सहयोग की अपील भी की है, ताकि वे बचे हुए खेतों की फसल को बचा सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान संतराम साहू, लोकेश, हसदेव, सतानंद, रामचंद्र, चंदू, भागीरथी, लोचन साहू, परसराम, युगलकिशोर, राजेश, निरंजन लाल, कुंजीलाल, पुष्पेंद्र, कुलेश्वर, छन्नूराम, उमेश साहू, हेमंत साहू, परमानंद साहू सहित अन्य किसान मौजूद थे। जानकारी के अनुसार इस साल रबी में कई हजार हेक्टेयर में धान की फसल ⏭ शेष पेज 13 पर

## क्रांति सेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने किया पुतला दहन...



बालोद। शनिवार को छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी बालोद ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में बिहार राज्य का स्थापना दिवस को मनाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने झलमला चौक पर सीएम विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। इस बीच बालोद पुलिस और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई।

### रेटिंग व रिव्यू का झांसा देकर 3 लाख की ठगी

**भिलाई।** पोडक्ट रेटिंग और रिव्यू का झांसा देकर खाते से लाखों रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 66 डी, 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एकता नगर भिलाई 3 निवासी दुर्गेश सिंह के टेलीग्राम आईडी पर अज्ञात द्वारा लिंक भेजकर ज्वाइन कराया गया। उसके बाद पीड़ित को आनलाईन कंपनियों के प्रोडक्ट रेटिंग एंड रिव्यू का झांसा देकर 3 लाख 13 हजार 444 रूपये का ठगी किया गया। टेलीग्राम में अज्ञात ने पीड़ित को वर्क फार्म होम के लिए पहले मैसेज किया। ग्लोबल नामक कंपनी है, जिसमें विभन्नि कंपनियों के प्रोडक्ट को रेटिंग रिव्यू करने की जानकारी दी गई। जिसके बदले पीड़ित को रोज 800 से 1200 रुपए मुनाफा मिलने का झांसा दिया। पीड़ित के ज्वाइन करने पर इसके लिए कोई फीस नहीं लगने की जानकारी भी अज्ञात द्वारा दी गई।

# पंचायत विभाग ने जारी किया काम पर लौटने का आदेश, सचिवों ने लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

- हड़ताली पंचायत सचिवों ने आदेश की प्रतियां जलाकर कहा- धमकी से डरने वाले नहीं



हड़ताली पंचायत सचिवों ने शनिवार को अपने आंदोलन के दौरान संचालक पंचायत विभाग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। सचिवों ने कहा कि हम किसी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। हम वही मांग रहे हैं, जो स्वयं भाजपा ने चुनाव के समय देने का वादा किया था। शुक्रवार को पंचायत संचनालय द्वारा सचिवों को 24 घंटे के अंदर काम पर लौटने की समय सीमा देते हुए नहीं लौटने पर कार्यवाही की चेतावनी दी थी। संचालनालय के आदेश पर जिला पंचायत ने सचिवों को 24 घंटे में काम पर लौटने निर्देशित करते हुए नहीं आने पर कार्यवाही की चेतावनी दी थी। पंचायत सचिवों ने इन्हीं दोनों आदेशों के प्रतियों की होली शनिवार को जलाई। जिला कार्यकारिणी सदस्य रोहित सिन्हा ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष पन्ना लाल सिन्हा, ओम राम सपहा, मुकेश कुमार साहू, हेमलाल साहू, छगन लाल साहू, मनीश कुमार ⏭ शेष पेज 13 पर

## आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग किया चौकी का उद्घाटन

# गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम हल्दी में खुली नवीन पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/सिकोसा

- चौकी में हल्दी सहित पसौद, ढाबाडीह, सिर्राभाठा, माहुद बी, बिरेतरा, भाटागांव बी, दानिया, सरेखा, पायला शामिल

गुण्डरदेही थाना के अंतर्गत ग्राम हल्दी में नवीन चौकी की स्थापना की गई है। नवीन चौकी हल्दी के अंतर्गत 10 ग्राम आएंगे, जिनमें हल्दी, पसौद, ढाबाडीह, सिर्राभाठा, माहुद बी, बिरेतरा, भाटागांव बी, दानिया, सरेखा, पायला शामिल हैं। आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने रोजानामचा लेख कर नवीन पुलिस चौकी हल्दी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी ने कहा कि अब चौकी खुलने से अपराध कम होगी, पुलिस वालों से दोस्ती करो, जो अपराध बढ़ रहा है उसमें कमी आ जाएगी जब जब आप पुलिस से दोस्ती करो, पुलिस आप के घर, गांव के ही है यह सब आप लोगों की सेवा में लगे हुए हैं बाहर से आने वाले हर लोगों की बारीकी से जानकारी लें, साइबर अपराध से बचें। अपराधों पर अंकुश लगाने, चौकी क्षेत्र के आम जनों की समस्या का समाधान करने पुलिस चौकी प्रारंभ किया गया है, पुलिस चौकी के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच सामंजस्यता बढ़ेगी, इससे ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है।





बालोद जिले में थाना, चौकी एवं पुलिस सहायता केंद्र का लगातार उन्नयन हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग के साथ ही विशिष्ट अतिथि एसपी एसआर भगत, एडिशनल एसपी अशोक जोशी, मोनिका ठाकुर, डीएसपी देवांश राठौर, चित्र वर्मा, राजेश बागडे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही रहे। वहीं, सरपंच हल्दी भगवत प्रसाद ठाकुर, सरपंच मटिया ह दशमत महेंद्र रात्रे, पूर्व सरपंच हल्दी खोमेश्वर दामले, सरपंच पसौद सिमरन गजभिए, ग्रामीण अध्यक्ष हल्दी नंदकुमार साहू, प्रहलाद ठाकुर, रोमन यादव, कुंजेश्वर ठाकुर, लोकेश ठाकुर, उप सरपंच माहुद खेमराज सिन्हा, जनपद सदस्य गुण्डरदेही अश्वनी कटहरे, भाठागांव सरपंच दोषण साहू, हेमलता साहू, लीलाबाई साहू, अंबालिका साहू, सोहन सिन्हा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ढालेन्द सार्वा, सियालाल सिन्हा आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# शक्कर कारखाने का निजीकरण नहीं, बेहतर तरीके से चलाने के लिए करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



- विधायक संगीता ने शक्कर कारखाने के निजीकरण का किया विरोध, विधानसभा में उठाया मामला

नए उद्योग लगाने के साथ जो हमारे पास उद्योग हैं, उनका निजीकरण सरकार न करें, उन्हें संचालित करना चाहिए। सरकार को बालोद जिले के करकाभाट स्थित शक्कर कारखाना का निजीकरण नहीं करना चाहिए। कारखाना बेहतर तरीके से कैसे चल सकता है, उस दिशा में कार्य करना चाहिए।

उक्त बातें विधायक संगीता सिन्हा ने कही। संगीता सिन्हा ने मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना के निजीकरण के विरोध में विधानसभा में अपनी बातें रखी एवं इसका विरोध किया। संगीता सिन्हा ने कहा कि पूर्व सरकार ने गन्ना कारखाना बढ़ाने की दिशा में कार्य किया। बीमार कारखाना को लगातार चलने लायक बनाया, किसानों को बोनस दिया, रकबा बढ़ाने प्रोत्साहित किया। वर्तमान सरकार ने बोनस बंद कर दिया, रकबा बढ़ाने कोई काम नहीं हो रहा है। सरकार को ऐसा काम करना चाहिए कि गन्ना का रकबा बढ़े, किसानों को समय पर भुगतान हो। उन्हें प्रोत्साहित करने किसानों को बोनस दें, इससे कारखाना के प्रति सकारात्मक कार्य होगा। संगीता ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### पक्षियों को बचाने बांटे गए निःशुल्क सकोरे

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे द्वारा पक्षियों को बचाने निःशुल्क सकोरे वितरण की शुरुवात कि गई। जिसमें प्रथम चरण में पोटिया स्थित प्राथमिक पाठशाला के छात्र छात्राओं को सकोरे वितरित कर पक्षियों के लिए दाना और प्यास बुझाने के लिए पानी सकोरों में रखने का संकल्प दिलाया गया। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि गर्मी में बढ़ते तापमान से निजात दिलाने का सबसे सरल साधन पानी है। यह जितना इंसान को जरूरी है उतना ही पशु-पक्षियों के लिए भी। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। गर्मी की वजह से हर साल पानी नही मिलने के कारण काफी पक्षियों की मौत हो जाती है। इस छोटे से प्रयास से बहुत से पक्षियों का अनमोल जीवन बचाया जा सकता है।

### पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज



**दुर्ग।** महामाया बुद्ध विहार कल्याण समिति कर्मचारी नगर दुर्ग का त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजीव सुखदेवे के नेतृत्व में प्रत्याशियों को नामांकन फार्म प्रदान किया गया था। वापसी के पश्चात अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं दो कार्यकारिणी के सदस्यों के पद हेतु मात्र एक-एक प्रत्याशी शेष रहने पर वोटिंग नहीं हुई। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष के लिए प्रीति थुल, उपाध्यक्ष वर्षा खापर्डे, सचिव वैशाली घरडे, कोषाध्यक्ष स्मिता सुखदेवे, संयुक्त सचिव नीतू बागड़े, कार्यकारिणी सदस्य रिना बोरकर एवं ज्योति वासनिक को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 23 मार्च को होगा।

### शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**दुर्ग।** शहीदे आज़म भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा 23 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्ग जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में किया जा रहा है। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने इस शिविर को सफल बनाने तैयारी शुरू कर दी है। रक्तदान हेतु इच्छुक लोगों का पंजीयन शुरू किया गया है जिसमे अब तक लगभग 50 लोगों ने पंजीयन करवाया है। रितेश जैन ने कहा रक्तदान अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने का बेहतर माध्यम है नई पीढ़ी को अपने शहीदों के इतिहास का भी पता चलेगा व समाज के प्रति उनको दायित्व का भी आभास होगा।

# मतदाता सूची में जुड़ेंगे मतदाताओं के मोबाइल और आधार नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा और लोकसभा में मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर गडबडी पाए जाने के बाद सुधार की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची में आधार और मोबाइल नंबर जोडने की जानकारी दी गई, वहीं रिहायसी कालोनियों में भी मतदाता केद्र स्थापित किए जाएंगे।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विगत 4 एवं 5 मार्च 2025 को सीईओएस कांफ्रेंस के निर्देशों से अवगत कराते हुए राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से उनके सुझाव आमंत्रित किये गये। बैठक में अवगत कराया गया कि, डोर-टू-डोर सर्वेक्षण करते समय, सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के सभी नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक आयु के है, वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 325 और अनुच्छेद 326 के अनुसार अनिवार्य रूप से मतदाता के रूप में नामांकित है। मतदाता सूचियों की गुणवत्ता और शुद्धता में सुधार के लिए बीएलओ के रूप में पर्याप्त उच्च स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति के लिए सभी प्रयास किये जाएंगे।

## राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से मांगे गये सुझाव

### एक बूथ में अधिकतम 12 सौ मतदाता होंगे

बताया गया कि, सभी बीएलओ को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति या व्यक्ति द्वारा झूठे और बड़े-बड़े दावे करके किसी भी मतदाता या निर्वाचन कर्मचारी को डराया न जा सके। प्रत्येक बूथ पर लगभग 800 से 1200 मतदाता सम्मिलित किये जाएंगे। साथ ही प्रत्येक मतदाता के निवास से मतदान केन्द्र 2 किलोमीटर पर हो, सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को आसान बनाने के लिए उचित एएमएफ.वाले मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। शहरी क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने के लिए ऊंची इमारतों के साथ-साथ कालोनियों में भी मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे।



### पहचान सुनिश्चित करने होगी कवायद

अमूमन मतदाता सूची में फोटो स्पष्ट नही होने से समस्या होती है। ऐसे में मतदाताओं की उचित पहचान करने तथा आवश्यक संचार करने के लिए, आधार और मोबाईल नंबरों को जोड़ने के सभी प्रयास किये जाएंगे। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने भी स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, नाम जोड़ने, विलोपित करने, मृतक मतदाताओं की पहचान हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने जिम्मेदार कर्मचारियों को बीएलओ नियुक्त करने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही उनकी तरफ से बीएलए नियुक्त कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाये।

## तैयारी: जिला सहकारी बैंक ने जिले के समिति प्रबंधकों को जारी किए निर्देश

# खरीफ और रबी बोनी में किसानों के वास्तविक रकबे की होगी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ और रबि सीजन में जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक से कर्ज लेने वाले किसानों के रकबे की राजस्व विभाग के साथ अब बैंक भी पडताल करेगी। सोसायटी के समिति प्रबंधक, समिति प्रभारी, शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षक के जरिए किसानों के बोनी रकबे की जानकारी जुटाई जाएगी। वहीं किसानों से सहमति पत्र भी भराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, इससे पहले खरीफ और रबि सीजन में रकबे का भौतिक सत्यापन पटवारियों के जरिए होता था। लेकिन अब बैंक भी अपने स्तर से किसानों के रकबे की पडताल करेगी, जिसके आधार पर फसल ऋण सामान्य साख सीमा (एनसीएल) तैयार किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी समिति प्रबंधको को निर्देश भी जारी कर दिया गया है। बैंक का मानना है कि, किसान बैंक से कर्ज तो लेते हैं, लेकिन देखा गया है कि उनके वास्तविक रकबे से लोन की स्वीकृति कम होती है। यही कारण है कि, बैंक राजस्व विभाग के आलावा खुद भी किसानों के रकबे की पडताल करेगी। इसके लिए समिति प्रबंधको को निर्देश दिए गए हैं।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन दुर्ग, बालोद व बेमेतरा है शामिल




### नहीं चलेगी अब मनमानी

प्रायः देखा गया हैं कि, ज्यादातर किसान खरीफ सीजन में धान के बजाय अन्य फसल लगाते है। लेकिन भौतिक सत्यापन करने पर कई किसनों के रकबे में दूसरी फसल मिलती है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके है। यही कारण हैं कि, राज्य शासन द्वारा राजस्व के साथ ही बैंक को भी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए है। ताकि वास्तविक रकबे की पडताल हो सके।

### किसानों से ली जाएगी इस तरह की जानकारी

ऋण की सीमा निर्धारित करने के पहले किसानों से अनिवार्यतः बी-1, पी-2 हाल का लिया जाएगा। खरीफ व रबी फसलों का अलग-अलग ऋणमान तैयार करने प्रारूप जारी किया गया हैं, जिसके अनुसार फसल के लिए ऋणमान तैयार किया गया है। उस फसल का नाम व प्रति हेक्टेयर ऋणमान राशि का स्पष्ट उल्लेख प्रत्येक पृष्ठ पर किया जाएगा। साख सीमा पत्रक में ऋण पुस्तिका का उल्लेख व किसान सदस्यों का हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से लिया जाएगा। कालातीत सदस्यों का शामिल नही किया जाएगा। इसमें सोयाबीन टमाटर, गन्ना व साग सब्जी के लिए पृथक से साख सीमा तैयार किया जाएगा। वहीं पंच उक्त फसलों के लिये तैयार किये गये रकबा को घटाकर धान व चना या गेहू का साख सीमा पत्रक तैयार किया जाएगा।

### लापरवाही पर शाखा प्रबंधक होंगे जिम्मेदार

जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि, रकबे की जानकारी लेने में गडबडी मिली तो समिति प्रबंधक व प्रभारी के साथ शाखा प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण भी जिम्मेदार माने जाएंगे। कहा गया हैं कि, ऋण साख सीमा तैयार करते समय अनुसुचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और महिला एवं दिव्यांग जनों की जानकारी पृथक-पृथक रखा जाये।

### प्रक्रिया में हैं

खरीब और रबि फसल के पहले साख सीमा निर्धारित की जाती है। इसी के लिए जानकारी जुटाई जाती है। जिसके आधार पर किसानों को ऋण दिया जाता है।

**-एसके जोशी,** सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक दुर्ग

# बन रहा आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट और स्विमिंग पुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रविशंकर स्टेडियम के पास अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृति होने के बाद शुरू हुए कोर्ट निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। अफसरों ने बताया कि, 70 फीसदी से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्राइंग डिज़ाइन के मुताबिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

■ 70 प्रतिशत कार्य हो गया है पूरा

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह इंडोर बैडमिंटन कोर्ट शहर में खेल प्रेमियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। कार्य में संलग्न इंजीनियरों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। आरईएस के इंजिनियर ने बताया कि, 70% कार्य पूर्ण हो गया है। कोर्ट हिस्से की छत ढल गया है, स्लैब व दिवार खड़े करने पूरा हो गया है। शीट लगने वाले स्थान पर लोहे का स्ट्रक्चर भी तैयार हो गया है जल्द ही शीट लगना प्रारंभ हो जायेगा। शेष बचे हुए कार्य तीव्र गति से चल रहा है जल्द ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। खेल परिसर में लगने वाले सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता के लगाए जा रहे।

### अत्याधुनिक स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ

आरईएस के एसडीओ सीके सोने ने बताया कि, स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से दुर्ग में जल्द ही अत्याधुनिक स्विमिंग पुल बन रहा है। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा। लंबे समय शहर के तैराक के खिलाड़ी इसकी मांग कर रहे थे।

# गांव की जमीन पर अवैध तरीके से उद्योग लगाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगपुरा ग्राम में पंचायत की जमीन को आयुर्वेदिक औषधि उत्पादन के लिए लीज पर दिया गया था। लेकिन यहां एक व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से न सिर्फ आंवले को पेड का कांट दिया गया है। लेकिन यहां प्लाईएस की फैक्ट्री लगा दी गई है। ग्रामीणें ने इस उद्योग का विरोध किया और कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा हैं।

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जानकारी अनुसार नगपुरा में स्वास्तिक इंडस्ट्रियल एंड सील्क एंड पैकिंग के नाम से राजेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा उद्योग डाला गया है। इसके विरोध में विगत दिनों पंच आकाश सेन और पूर्व पंच बलराम कौशिक द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की हैं। उन्होंने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि, दिनांक 26 सितंबर 2022 के पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 16 को पूर्व में शून्य किया जा चुका है। उक्त स्थान पर आयुर्वेदिक औषधि उत्पादन हेतु लीज पर भूमि उपयोग करने के लिए दिया गया था। लेकिन वहां अवैध और अनधिकृत तरीके से



कलेक्टर की बिना अनुज्ञा व आदेश के पेवर ब्लॉक और चेकर टाइल्स का निर्माण बाउंड्री वॉल घेर कर किया जा रहा है। पंच आकाश ने बताया कि, उक्त जगह पर आंवला के 30 से 40 पेड़ों को काटा गया है, उक्त प्रकरण तहसील न्यायालय में भी चल रहा था, जहां तहसील न्यायालय के आदेश पर बेदखली की कार्रवाई की गई थी और अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग न्यायालय में प्रकरण भी चला था। जहां अनावेदक का जारी पट्टा निरस्त किया जा चुका है। उसके विरुद्ध में उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष रिट पिटीशन भी दायर हुआ जहां अनावेदक का याचिका खारिज कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि, पटवारी हल्का नंबर 3 खसरा नंबर 1843 रकबा 4 हेक्टेयर सहित आंवला पंचवन की भूमि को अनावेदक के कब्जे से पुलिस बल की मौजूदगी में मुक्त कराने की मांग की है।

## दुर्ग ब्लॉक से आठ हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नवभारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की महत्वकांक्षी योजना उल्लास महापरीक्षा 2024-25 का आयोजन राज्यभर में 23 मार्च 2025 को आयोजित की जा रही है। इसके लिए सत्र प्रारम्भ से ही जिला साक्षरता मिशन एवं ब्लॉक साक्षरता मिशन के साझा प्रयास से विकासखंड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल एवं डीएड, बीएड कॉलेज के प्राचार्यों की कई दौर की बैठकें आयोजित की गयी। दुर्ग ब्लॉक में इसकी तैयारी पूर्व से ही कर ली गयी है इस हेतु विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविंद साव, ब्लॉक नोडल प्रभारी राजेश्वरी चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग विकासखंड के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 41 एवं शहरी क्षेत्र के 34 संकुल केंद्रों कुल 75 संकुलों के अंतर्गत 189 परीक्षा केंद्रों में कुल 8315 असाक्षरों को महापरीक्षा में सम्मिलित कर साक्षर बनाने हेतु रुपरेखा तैयार कर आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने अपने-अपने स्तर पर विभिन्न प्रकार के नवाचार जैसे- दीवारों पर स्लोगन, नारा लेखन, शिक्षार्थियों का ग़ुलाल लगाकर स्वागत करना, पुष्पगुच्छ देना, घर - घर पीला चाँवल देकर उन्हें आमंत्रित करना तथा जनसहयोग से न्योता भोजन के तर्ज़ पर भोजन अथवा स्वल्पाहार की व्यवस्था करना आदि की योजना तैयार कर ली है।

## महापरीक्षा के लिए तैयार हैं कोलिहापुरी के शिक्षार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चल रहा है। जिलेभर में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में असाक्षरों को वॉलंटियर्स द्वारा पढ़ाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 23 मार्च को महापरीक्षा में शामिल होने शिक्षार्थी उत्साहपूर्वक तैयारी कर रहे हैं। इस कड़ी मे उल्लास नवभारत साक्षरता एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने उल्लास केंद्र कोलिहापुरी पहुंचकर अध्यापन कार्य देखा तथा सभी शिक्षार्थियों को परीक्षा देने हेतु उत्साहवर्धन किया। डॉ पाणिग्राही ने सभी शिक्षार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि, आप लोग अच्छे से पढ़कर परीक्षा पास करोगे तो हमारे दुर्ग जिले का नाम भी रोशन होगा।

## भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** देवादा से लेकर रायपुर तक बनाए जा रहे सिक्सलेन सडक को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से मुलाकात की हैं। किसानों ने बताया कि, बाड़ग्रस्त क्षेत्र होने की वजह से नदी नाले पर बनाये जाने वाली ब्रिज की लंबाई बड़ाई जाए। थनौद के किसान अनिल देवांगन ने बताया कि, ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी व अंजोरा शिवनाथ नदी के तट पर बसा हुआ है। जिसके कारण प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से किसानों को नुकसान सहना पड़ता है। जिससे बचने मांग की है कि, 500 मीटर पहले से लेकर पूरी नदी तक बीज के द्वारा रोड का निर्माण किया जाए। किसानों ने बताया कि, गांव में गुजरने वाली रोड पर सभी क्रासिंग अंडरब्रिज की उंचाई 4 मीटर है, जिससे गांव में कृषि यंत्र हारवेस्टर एवं शिल्पग्राम होने की वजह से यहां 20-22 फीट उंचाई की मूर्ती बनता है एवं धान मंडी केन्द्र होने से परिवहन संबधी समस्या से अवगत एवं निराकरण के लिए ब्रीज की उचाई 6 मीटर किये जाने की मांग की गई है। समस्त ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधी द्वारा नितीन गडकरी के. परिवहन मंत्री, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललीत चंद्राकर, एस.डी.एम. दुर्ग, परियोजना निदेशक अधिकारी पीआईयू रायपुर, एनएच. 30 झांकी अभनपुर जिला रायपुर छग को दिया जा चुका है।

## सम्मेलन में दुग्ध उत्पादन को लेकर किसानों को करेंगे जागरुक

# डेयरी आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने राष्ट्रीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान नीतियों एवं पहलों से छत्तीसगढ़ का डेयरी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। इसी कड़ी में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर और भारतीय डेयरी संघ (पश्चिम क्षेत्र) संयुक्त रूप से ₹डेयरीः आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने के लिए एक सतत दृष्टिकोण₹ विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 10-11 अप्रैल, 2025 को डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम, श्री सत्य साई सौभाग्यम, अटल नगर, नवा रायपुर में किया जा रहा हैं। यह सम्मेलन ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, नवाचारों को उजागर करने और शिक्षा जगत, उद्योग, किसानों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को सुगम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

■ रोजगार बढ़ाने का किया जा रहा प्रयास

चर्चा के विषयों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना, चारा और चारे के संसाधनों का अनुकूलन, स्मार्ट डेयरी खेती, उन्नत उत्पादन तकनीकें, एआई और डिजिटलीकरण, विपणन रणनीतियाँ, सुरक्षा और गुणवत्ता मानक, और उद्योग के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए सतत दृष्टिकोण शामिल होंगे। भारतीय डेयरी संघ द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों और डेयरी संयंत्रों में विशेष उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, और छात्रों एवं डेयरी संयंत्र अधिकारियों के लिए एक खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के डेयरी विशेषज्ञों व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनंद के अधिकारीयों की भाग लेने की सम्भावना है।




### विश्व में 24.41 फीसदी की भागीदारी

भारत 1998 से वैश्विक दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है और विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन का 24.41% योगदान देता है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 5% है, फिर भी संगठित क्षेत्र द्वारा केवल 25-30% दूध का संसाधन किया जाता है, जो उद्योग के लिए विशाल संभावनाएँ प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र मुख्य रूप से 2-5 पशु पालने वाले लघु किसानों पर आधारित है, जो 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का प्रमुख स्रोत है और रोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लगभग 10 लाख करोड़ के मूल्य के साथ, दूध भारत की सबसे महत्वपूर्ण कृषि वस्तु बना हुआ है।

### सम्मेलन का भी होगा आयोजन

उक्त कार्यक्रम के प्रचार पुस्तिका का विमोचन कुलपति डॉ.आर.आर. बी. सिंह, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय शाक्य अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय, डॉ.एम.के. गेंदले, अधिष्ठाता मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा, डॉ.केशब दास अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक एवं अधिष्ठाता, डॉ. सुधीर उपरित द्वारा बताया गया की इस सम्मलेन में प्रमुख वक्ता के रूप में श्री आर. एस. सोढ़ी, अध्यक्ष इंडियन डेयरी एसोसिएशन, मिनेश शाह, अध्यक्ष राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड होगें। सम्मलेन में किसानो हेतु संगोष्ठी एवं तकनीकी सत्र भी रखा गया है। जिसमे पशु पालन एवं दुग्ध प्रसंस्करण से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के वक्तायकार आएंगो।

# सर्व समाज संगठन ने किया विस्तार, सौंपा नियुक्ति पत्र



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन में संगठन का विस्तार करते हुए अनेक पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। उन्हें नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा फूलमाला से किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया। साथ ही शेखर साहू को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष, विजय कुमार रात्रे को बीएसपी अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, डॉ आरएस साहू को प्रदेश संगठन सचिव एवं तेजराम देशमुख को बालोद जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।बैठक में सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्षगण अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, सलाहकार रमेश साहू सहित अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष अनुरूप साहू ने किया।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली में पूर्व सांसद मंडावी ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**डौंडीलोहारा।** दिल्ली प्रवास के दौरान 21 मार्च को देशभर में रामायणी सांसद के नाम से विख्यात कांकेर लोकसभा के लोकप्रिय पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान श्री मंडावी ने केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों व समाज के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूर्व सांसद श्री मंडावी के 100 प्रतिशत उपस्थिति देकर देश के सबसे सजग सांसद बनने के रिकॉर्ड, विकास कार्य, 25 हज़ार रामायण मंडलियों व 54 हज़ार परिवारों में श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ वितरण के वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर मानवीय तत्व स्थापित करने के लिए जनजागरण कार्यों की सराहना की। इस दौरान पूर्व सांसद श्री मंडावी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात कर क्षेत्र के विकास व संगठनात्मक गतिविधियों से अवगत कराया।

### ग्राम पंचायत भोथली में मनाया गया विश्व जल दिवस



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोथली में विश्व जल दिवस पर हम सभी ने शपथ ली कि जल का विवेक पूर्ण उपयोग करेंगे। सभी को जल बचाने और सही उपयोग करने की सलाह दी कैच दि रैन अभियान को बढ़ावा देने कहा गया। इस अवसर रंगोली और चार्ट पेपर पर जल बचाओ का संदेश देते हुए चित्र बनाकर लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भोथली में मुख्य रूप से दामिनी साहू सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग छेत्र क्रमांक 16 साथ में सरपंच नेमिन खुटेल पंच ईशू साहू, टेनेन्द्र साहू (पप्पू) और प्राथमिक शाला भोथली के सभी शिक्षक भी मौजूद रहे।

---

**अनदेखी : ग्राम नेवारीकला में पीएचई के जिम्मेदारों की लापरवाही का दंश झेल रहे ग्रामीण**

# चार साल पहले 92 लाख की लागत से बना दी टंकी दूर-दूर तक नहीं मिला स्रोत, बिना पानी शोपीस बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला में पीएचई विभाग द्वारा नई टंकी तो बना दी गई है, लेकिन टंकी के माध्यम से न तो ग्रामीणों को पानी मिल रहा है और न ही टंकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित आंगनबाड़ी के बच्चों को पानी नसीब हो पा रहा है। इससे न सिर्फ ग्रामीण पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, बल्कि आंगनबाड़ी के बच्चों को भी पीने का पानी बोतलों में घर से लाना पड़ रहा है।

ग्राम नेवारीकला में 4 साल पूर्व 92 लाख की लागत से विभाग द्वारा एक ऐसी जगह टंकी का निर्माण कर दिया गया है, जहां दूर-दूर तक जल का कोई स्त्रोत ही नहीं है, जिसके माध्यम से बोर खनन कर टंकी में पानी पहुंचाया जा सके। इस बात का पूर्वानुमान किये बगैर ही विभाग द्वारा लाखों की लागत से जगह चयन कर टंकी निर्माण कर दिया गया है, लेकिन टंकी वर्तमान में निर्माण होने के 4 साल बाद भी शो पीस बनकर रह गई है और इसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है।



### गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

वहीं, टंकी निर्माण के बाद जल स्रोत की व्यवस्था तो दूर की बात, विभाग द्वारा लाखों की लागत से निर्मित की गई टंकी के निर्माण मे गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण गुणवत्ता में बरती गई लापरवाही से प्रारंभ से ही टंकी में सीलन की स्थिति बनी रही और इसे बनाने की कई बार मांग करने पर विभाग द्वारा आश्वासन तो दिया गया, लेकिन आज तक यह टंकी सिलन मुक्त नहीं हो पाई और इसका उपयोग ग्रामीणों के घरों में नल के माध्यम से जल पहुंचाने में नहीं हो पाया।

### निजी बोर से पानी मांगना मजबूरी

लाखों की लागत से बने टंकी से मात्र कुछ दूरी पर स्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व बच्चों के पालकों ने कहा कि टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन टंकी के निर्माण होने के बाद भी ग्राम को टंकी के माध्यम से पानी नसीब नहीं हो सकी, टंकी के 200 मीटर की दूरी पर स्थित आंगनबाड़ी को भी पानी नसीब नहीं हो रहा है, ऐसे में बच्चों को गर्मी के दिनों में घरों से बोतलों में पानी लाना पड़ रहा है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को खाना बनाने के लिए एक बच्चे की सुरक्षा के साथ दूसरा पानी के इंतजाम में लगा रहता है, जहां आस पास के निजी बोर से पानी मांगना मजबूरी बन गई है और लाईट बंद होने की स्थिति में ग्राम में कहीं अन्य जगहों में स्थित बोरिंग से पानी भरी हंडी को सिर पर रख पानी लाना पड़ता है। वहीं, पानी भरने के अलावा बच्चों को पढ़ाने व कई विभागीय कार्य रहते हैं, लेकिन अधिकतर समय पानी भरने में ही निकल जाता है।

### नल से जल्द जल उपलब्ध कराने की मांग

आंगनबाड़ी क्रमांक 02 के कर्मचारियों ने कहा कि हम दोनों में से किसी कारण से अगर कोई एक आंगनबाड़ी न आए तो बच्चों को



सम्हालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जहां पानी भी लाने की दिक्कत रहती है, वहीं आंगनबाड़ी के पास तालाब स्थित है, जिससे बच्चों को किसी भी स्थिति में अकेला छोड़ना जोखिम भरा रहता है। इसके कारण आगामी गर्मी में दिक्कतों को देखते हुए हमें चिंता सता रही है। इसलिए ग्रामीणों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका ने जल्द से जल्द नल के माध्यम से जल उपलब्ध कराने की मांग की है।

---

### जिले में 6 नई शराब दुकानें खोलने की तैयारी में है आबकारी विभाग

**बालोद।** जिले में 6 ग्रामों में नवीन शराब दुकान खोले जाने की तैयारी आबकारी विभाग कर रहा है। इसमें दो गुरूर ब्लाक एवं गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा एवं बालोद ब्लाकों में एक एक शराब दुकान खोलने के लिए आबकारी विभाग ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। सभी 6 स्थानों पर एक अप्रैल से शराब दुकानों के अस्तित्व में आने की पूरी संभावना है।


राज्य शासन द्वारा बीते सप्ताह 67 नई दुकानें खोलने का प्रस्ताव किया था, उनमें बालोद जिले में 6 दुकानें खोलने की योजना है। इनमें से गुरूर ब्लाक में ग्राम पेण्डरवानी एवं मिर्रीटोला (पुरूर) में खोलने का प्रस्ताव है, बालोद ब्लाक के लाटाबोड़ में गुण्डरदेही ब्लाक के कलंगपुर, डौण्डी ब्लाक के घोटिया एवं डौण्डीलोहारा ब्लाक के संबलपुर में नई मदिरा दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है।

आबकारी विभाग इन सभी संभावित 6 स्थलों पर शराब दुकानें खोलने की तैयारी कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी दुकानें कम्पोजिट दुकानें होंगी, जहां देशी एवं अंग्रेजी मदिरा दोनों उपलब्ध होंगी।

आबकारी विभाग द्वारा इसके लिए प्रारंभिक तैयारी के तौर पर आवश्यक दस्तावेज एवं स्थल चयन जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

---

## बंदरों के कूदने से टूट गया टंकी का ढक्कन, 6 माह बाद भी नहीं लगा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

नगर के वार्ड क्रमांक 20 पाररास के गौठान के पास लोगों की सुविधाओं के लिए लगभग 2 साल पहले तत्कालीन पार्षद की ओर से पानी टंकी लगाई गई थी। लेकिन, बंदरों के कूदने से पानी टंकी का ढक्कन टूट गया है, जिसे लगभग 6 माह से अधिक हो चुके हैं। लेकिन पानी टंकी में ढक्कन नहीं होने के कारण पेड़ के पत्ते, धूल मिट्टी पीने के पानी में शामिल हो रहा है। आपको बता दें कि नल जल योजना के तहत हर घर पहुंचे नल में जब भी पानी नहीं आता तो आस पास के रहने वाले दर्जनों घर के लोग इस पानी टंकी के पानी को पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं, इसके अलावा घरेलू काम के लिए भी उसी पानी का उपयोग करते हैं। लेकिन पानी टंकी में ढक्कन नहीं होने



के कारण पानी गंदा हो चुका है और उसमें कीड़े मकोड़े भी पनपने लगे हैं।

### श्रमदान कर तालाब की सफाई

उतई। ग्राम मचांदुर में ग्रामीणों के सहयोग से माँ शीतला तालाब की सफाई लगभग 40 साल बाद श्रम दान से कराया गया। यह स्वर्णिम व ऐतिहासिक प्रयास युवा सरपंच युगल किशोर साहू के कुशल नेतृत्व में पूरे पंचायत, सर्व ग्रामीण समाज व देवतुल्य ग्रामीण जनों के सहयोग से हुआ। इस पुनीत कार्य में लगभग 300 से अधिक लोगों ने श्रम दान किया। सरपंच युगल किशोर साहू ने बताया कि तालाब के अंदर उगे झाड़, कचरा सभी को निकाला गया। साथ ही तालाब के आसपास गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना लिया जाएगा। समस्त ग्रामीण के प्रयास से यह श्रमदान की ऐतिहासिक उपलब्धि अन्य गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। साथ ही इस कार्य से मचांदुर की एकता व अखंडता न केवल दुर्ग जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में गांव को एक नया आयाम तक पहुंचा दिया है। इस दौरान उपसरपंच दुष्यंत साहू, समस्त पंचगण, मेट, स्वसहायता समूह, ग्रामीणजन व शीतला समिति के मंतराम यादव, बलराम निर्मलकर, सुखराम पटेल, गोपाल साहू, रोहित चंद्राकर, नंदकुमार गजपाल, शिव चंद्राकर, दीनदयाल साहू, जसलोक साहू, तोरण लाल साहू, बैशाखू राम साहू, गणपत साहू, मंशा राम साहू, मनोज गोस्वामी, जयप्रकाश, ढेलु राम साहू, सुनील साहू, दिनेश साहू, छन्नूराम साहू आदि उपस्थित थे।

## भखारा राल जैन समाज के अध्यक्ष बने यादमल, मनोज कोषाध्यक्ष चुने गए

**ग्राम बेलहारी में हुआ समाज का 70 वां वार्षिक सम्मेलन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

नवकार महामंत्र और शांति नाथ भगवान की स्तुति के साथ भखारा राल जैन समाज का 70 वां वर्ष वार्षिक सम्मेलन का आयोजन बेलहारी में हुआ। जिसमें वार्षिक कार्यविधि के लिए अध्यक्ष यादमल गोलछा एवं कोषाध्यक्ष मनोज नाहर चुने गए। निवर्तमान कोषाध्यक्ष ने वार्षिक आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया। संपूर्ण दस्तावेज सहित प्रभार कोषाध्यक्ष मनोज नाहर को सौंपे। इस सम्मेलन में 25 वर्ष के युवा से लेकर 80 वर्ष के वरिष्ठ जैन सदस्य शामिल हुए।

समाज बिना जीवन अधूरा सा लगता है। समाज के वरिष्ठ गौतमचंद चौरड़िया, भरत नाहर, तिलोकचंद ओस्तवाल, ललित नाहटा, निर्मल राय सोनी ने कहा कि समाज संस्कार युक्त जीवन जीने की कला सिखाती है धन पद ज्ञान से जब कोई संपन्न होता है तब समाज उनका सम्मान कर उन्हें अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करती है उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है हौसला बढ़ाती है।समाज जनो ने कहा कि समाज के बिना जीवन अधूरा सा होता है मनुष्य सामाजिक प्राणी है समाज आनंद का सागर है।

**अनुशासन बनाने शुल्क निर्धारित-** सम्मेलन में दुर्ग रायपुर धमतरी जिला के जैन समाज अनुयायी सदस्यों ने भाग लिया जैन समाज ने अनुशासन की शक्ति बरतते हुए निर्धारित समय से विलंब आने पर विलंब शुल्क लेती है और अनुपस्थित रहने पर 500 रुपए निर्धारित कर रखी है। समाज प्रातः स्वल्पाहार और दोपहर का सामूहिक भोज प्रबंध करती है।

---

## पेज 11 के शेष...

### महज एक फीट

के बाद शरीर का बाकी हिस्सा मिला। आशंका जताई जा रही है कि भालू की मौत के बाद उनके पंजे को काटकर ले जाया गया था। लेकिन मौत के राज के दफन मामला उजागर होने के बाद भालू के पंजे को मौके पर लाकर ऊपर की मिट्टी को हटाकर पंजे को जमीन में दबाने की कोशिश की गई है। **वेटनरी टीम ने सैंपल लेकर वन विभाग को सौंपा-** भालू की लाश को निकालने के दौरान वेटनरी विभाग के तीन डॉक्टरों की ड्यूटी मौके पर लगाई गई थी। जहां खुदाई से पहले टीम ने जमीन के ऊपरी हिस्से में मौजूद भालू के बाल को सैंपल के रूप में संकलन किया। जिसके बाद खुदाई हुई उसमें भालू के शरीर से अलग हुए चारों पंजे और शरीर के अन्य हिस्सों का संपेल लेकर वन विभाग को सौंपा गया। सैंपलों को वन विभाग के माध्यम से फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

### कम करें बिजली...

लगी है। अब ये किसान पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों ने बताया कि आसपास के किसानों ने धान की फसल लगाई है, इसलिए मजबूरी में उन्हें भी धान बोना पड़ा। अब पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण खेत सूख रहे हैं, जिसके चलते उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राम हीरापुर, सिवनी और झलमला के किसानों ने बताया कि वे कई एकड़ खेतों में धान की खेती कर रहे हैं। पानी नहीं पलने के कारण इस बार लगभग 4 एकड़ में लग चुके फसल को छोड़ना पड़ रहा है। खेतों में वे धान की फसल लगा चुके हैं। खाद, दवा का भी छिड़काव कर चुके हैं। लेकिन बिजली कटौती के कारण अब खेतों में पानी नहीं पल रहा है। जिन खेतों को छोड़ना पड़ रहा है, उसमें वे एक लाख रुपए से ज्यादा लागत लगा चुके हैं। ऐसे में उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रह है। इन खेतों को छोड़ने के बाद भी बचे हुए खेतों में ढंग से पानी नहीं पल रहा है। **लगाया आरोप बढ़ा दिया गया कटौती का समय-** बता दें कि इस बार शासन-प्रशासन द्वारा मनाही के बाद भी कई इलाकों में किसानों ने धान की फसल लगाई है, जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। जबकि दलहन तिलहन फसल पककर तैयार हो गई है। इसके लिए पानी की अब आवश्यकता नहीं है, लेकिन धान फसल के लिए अब भी ढ़ेड़ माह तक पानी की आवश्यकता होगी। ऐसे में आगे और भी जलसंकट गहराने की आशंका है। प्रशासन की समझाइश की अनदेखी कर किसानों ने धान तो लगा लिया है, लेकिन अब पछताना पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी से सोखन की समस्या के चलते जिले के कई गांवों के खेतों में पानी नहीं ठहर रहा है। ग्राम हीरापुर के किसानों ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा मोटरपंप कनेक्शन में कटौती बढ़ा दी गई है। शाम 5 बजे बिजली बंद की जाती है। इसके बाद रात में बिजली चालू करने का कोई समय नहीं होता है। यही कारण है खेतों में पानी नहीं है। **कटौती के समय में वृद्धि नहीं की गई-** सहायक अभियंता बालोद डिविजन एचके यादव ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा कटौती के समय में कोई वृद्धि नहीं की गई है। नियम के तहत शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक मोटरपंप कनेक्शन में बिजली की कटौती की जाती है। रात 11 बजे के बाद लाइन चालू कर दी जाती है। झलमला फीडर में भी इसी समय पर कटौती की जाती है। वहीं, दो दिन से मेंटेनेंस के कारण विद्युत विभाग द्वारा कटौती की गई, जिसकी पूर्ति के लिए विभाग द्वारा ओवर टाइम बिजली दी जाएगी।

### पंचायत विभाग ने...

ठाकुर, दिनेश कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, योगेश कुमार साहू, हितेश कुमार साहू, शर्मिला जैन, मोहनी साहू, प्रणीता साहू, उमेश्वरी साहू, नीरा सोरी, अंबिका कुंजाम, गिरिजा नायक, त्रिलोक राम पटेल, पूर्णिमा साहू, उदेराम साहू, नागेश पटेल उपस्थित थे।

### शक्कर कारखाने का...

सिन्हा ने कहा कि कारखाना में किसानों की राशि लगी है, निजीकरण करने से किसानों का अहित होगा। वहां कार्य कर रहे कर्मचारियों को खतरा पैदा होगा। सैकड़ों कर्मचारियों एवं हजारों किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार निजीकरण का फैसला रद्द करे। संगीता सिन्हा ने इस विषय को शून्य काल में उठाते हुए चर्चा की। शक्कर कारखाना विधानसभा का एकमात्र कारखाना है। उसका भी निजीकरण कर दिया जाएगा, तो विधानसभा क्षेत्र के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में मनाया गया विश्व जल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाज कार्य के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय कार्य के दौरान ग्राम कुथरेल में खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के तत्वावधान में विश्व जल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच गीता गजपाल विशेष अतिथि गायत्री साहू पंच, रेवती चंद्राकर पंच ममता पारदी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने जल दिवस पर अपने विचार रखे एवं सभी छात्र छात्राओं ने विश्व जल दिवस पर अपने विचार साझा किए। जल बचाने के लिए शपथ ली। सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह ने जल का महत्व बताते हुए कहा कि आज जल की समस्या विश्व व्यापी हो चुकी है। जल का सदुपयोग करना अत्यंत आवश्यक है साथ ही साथ लोगों को पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया सभी छात्र-छात्राओं ने गांव के चौक चौराहों के दीवारों पर नारा लेखन कर लोगों को जागरूक किया। साथ-साथ सभी छात्र छात्राओं को वृद्धा आश्रम पुलगांव दुर्ग का अवलोकन कराया गया।

---

# 50 साल से आयरन ओर निकाल रही बीएसपी पर स्थानीय लोगों को नहीं दे पा रही मूलभूत सुविधाएं

दीपक मित्तल ⏭ दल्लीराजहरा

- नगर के निवासियों ने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

बीएसपी की विभिन्न खदानें दल्लीराजहरा में संचालित हैं। पिछले 50 वर्षों से बीएसपी दल्ली राजहरा के विभिन्न खदानों से आयरन ओर उत्खनन और परिवहन का कार्य कर रही है, परंतु मूलभूत सुविधा से अपने हाथ खींच रही है। और तो और दी गई सुविधा भी बंद कर दी गई है। स्वास्थ्य, शिक्षा के नाम पर सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है।स्वास्थ्य के नाम पर हॉस्पिटल रिफर सेंटर बन गया है, जिसे लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के बीच काफी आक्रोश है। बीएसपी ने अंग्रेजों की तरह फूट डालो और राज करो की तर्ज पर कार्य किया है और इसी तर्ज पर कार्य कर रही है।दल्लीराजहरा के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। भाजपा के युवा राजनीतिक नेता सौरभ लुनिया ने कहा कि बीएसपी ने पूरी तरह शहर को मूलभूत सुविधा से दूर रखा है और आज भी दल्लीराजहरा शहर की आयरन ओर खदानों से आयरन ओर उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं, परंतु सुविधा शून्य है। कांग्रेस नेता शीबू नायक ने भी कहा कि बीएसपी को जो सुविधा नगर वासियों को दिया जाना चाहिए पर नहीं दे रही। यहां बताना लाजिमी होगा कि दल्ली राजहर आयरन ओर की विभिन्न खदाने हैं और राजहरा खान समूह का हिस्सा है। यह कैप्टिव लौह अयस्क खानें भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) एक सेल उद्यम के लिए हैं। विभिन्न प्रकार के लौह अयस्क हेमटिट और मैग्नेटाइट इस क्षेत्र से खनन होते हैं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

बीएसपी महाप्रबंधक आरबी डहरवाल कहते हैं कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं दिए जाने का पूरा प्रयास रहता है। परंतु पिछले कुछ वर्षों से खनिज न्यास की राशि जिला प्रशासन को दी जा रही है। सीएसआर के तहत मूलभूत का कार्य अवश्य किया जाएगा।



### रेल संपर्क की आवश्यकता

दल्ली राजहरा सत्तर के दशक में श्रम अधिकारों के आंदोलन पर प्रसिद्धि हुआ था। एक संध्या पर शहर में प्रवेश करते समय ओपन कास्ट खानों वाले पहाड़ों पर भव्य रोशनी देखते ही बनती है। अब धीरे-धीरे बीएसपी से लोगों का मोह भंग होने लगा है। यह क्षेत्र रेल द्वारा जिला दुर्ग के साथ और सड़क के द्वारा जुड़ा हुआ है। यह अच्छी तरह से बस से दुर्ग और बस्तर क्षेत्र से जुड़ा है। यहां एक यात्री ट्रेन दल्ली और दुर्ग के बीच में चलती है। एवं दल्ली राजहरा से रायपुर एक्सप्रेस भी चलती है अधिक विकास के लिए रेल संपर्क की आवश्यकता है। जगदलपुर के साथ रेल मार्ग प्रस्तावित है। केवटी तक अभी ट्रेन मार्ग हुआ है।

### अधिकांश जनसंख्या बीएसपी पर निर्भर

अधिकांशतः जनसंख्या बीएसपी पर निर्भर है, बीएसपी एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी होने के कारण पूरे देश के लोगों को नौकरी के लिए आकर्षित करता है। परंतु अब बीएसपी ने बेरोजगारों को रोजगार देना भी बंद कर दिया है,,पूरे भारत से बिहार, बंगाल, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उडीसा, मध्य प्रदेश के लोग यहाँ रोजगार के लिए आते हैं। अब रोजगार नहीं मिलने की वजह से लोग बेरोजगार होने लगे हैं। यहाँ की संस्कृति मामूली मध्यम वर्ग है। जीवन थोड़ा स्तरीय एक या मेट्रो शहर की तुलना में आराम है। ईद, दुर्गापूजा से छठ पूजा को ओणम के लिए क्रिसमस, सभी गहरी भागीदारी और उत्साह के साथ मनाया लेकर त्योहार. संक्षेप में, संस्कृति जीवन शैली में विनम्रता का एक स्वाद के साथ काफी कॉस्मो है। जीने के मूल्य कम हैं और इसलिए यहाँ रहने वाले लोगों के लिए चिंता का विषय कभी नहीं गया है। हालांकि बीएसपी प्लांट ने कुछ सकारात्मक कार्य अवश्य किए हैं परंतु सभी सकारात्मक कार्य नाकारात्मक होने लगे हैं,, भिलाई स्टील प्लांट, सभी समुदाय के लोगों की खान है यहाँ रहते हैं। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च पा सकते हैं। वहाँ भारत के सभी हिस्सों से लोग हैं। वहाँ सामाजिक गतिविधियों के लिए विभिन्न क्लब हैं। शिविर के दुर्गा पूजा, आनंद मेला, सप्तगिरी पार्क में बीएसपी द्वारा आयोजित फ्लावर शो मेला तक बीएसपी सिमट गई है और मूलभूत सुविधा से दूरियां बना ली है।

### प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा को प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक सुंदरता से नवाज़ा गया है। राजहरा के पास बोईरडीह बांध एवं कुसुमकसा से पशिचम दिशा में 7 किमी दूरी पर देवपाण्डुम नामक विहंगम स्थान एक सुंदर पिकनिक स्थल है। आसपास के पहाड़ों और जंगलों वन्य जीवन की कई प्रजातियों के लिए घर कर रहे हैं। बीएसपी प्रबंधन चाहे तो दल्लीराजहरा शहर को संजीवनी दे सकती है।

---

**समक्ष न्यायालय- एस. एल. नवरत्न, प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

**मुकदमें के बारे में नोटिस भूमि स्वामित्व घोषणा वास्ते की गयी अपील बाबत् नोटिस**

**व्यवहार अपील प्र.क्र.-10अ/2025, नियत पेशी दिनांक- 30.04.2025, प्रो. क्र. 496/2025**

**बुधेश्वर ....अपीलार्थी**

**"विरूद्ध"**

**गंगाधर व अन्य ....उत्तरवादीगण**

**बनाम-** अन्य व्यक्ति या संस्था जो स्वयं को प्रकरण की वाद भूमि से संबंधित होना मानते हैं।

उक्त अपीलार्थी ने ग्राम सोरली, तहसील-मार्री बंगला देवरी, जिला-बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1088, रकबा 0.63 हेक्ट पर स्वामित्व की घोषणा प्राप्त करने बाबत अपील अंतर्गत धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पेश की है। उक्त अपील की सुनवाई दिनांक **30.04.2025** को दिन के **11:00** बजे नियत की गई है। इस नोटिस के जरिये तुम्हे हुक्म होता है कि यदि तुम्हे उक्त अपील के संबंध में कोई भी हक दावा का अधिकार प्राप्त हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे कि तुम मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी गई हो और जो मुकदमे में नियत तिथि पर उपस्थित होकर बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। यदि आप नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि नियत पेशी दिनांक **30.04.2025** को अवकाश घोषित हो जाये या किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जावे तो मामले की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर नियत की जावेगी। आज दिनांक **17.03.2025** को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से से जारी किया गया।

**(एस. एल. नवरत्न)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

(मुहर)

**खबर संक्षेप**



### जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए चंद्रेश

**बालोद।** जिला कांग्रेस कमेटी को नया युवा अध्यक्ष मिल गया है। अब तक ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाने वाले चन्द्रेश हिरवानी को अब जिला का दायित्व दिया गया है। चन्द्रेश हिरवानी वर्तमान अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर का स्थान लेंगे। उनके अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हिरोइन का सौदागर गिरफ्तार



**धमतरी।** बस स्टैंड के पास हेरोईन बेचने ग्राहक तलाश रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से बस स्टैंड के पास गौतम वाधवानी द्वारा पालीथिन में अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा रखकर उसे बेचने ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच घेराबन्दी कर आरोपी गौतम वाधवानी पिता विजय वाधवानी उम्र 19 वर्ष धोबी चौक आमापारा वार्ड निवासी को पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा वजन 01 ग्राम कीमत 10 हजार रुपए व दो नग मोबाइल फोन कुल 20 हजार रुपए जप्त किया। पुलिस ने धारा 21/ए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गौतम वाधवानी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एएसआई हेमंत ध्रुव, आरक्षक डायमंड यादव, चंदर जमदार व मुकेश सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**धमतरी।** नरहरपुर मार्ग पर दो बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मनाराम सोरी पिता गणेशराम उम्र 55 वर्ष मूल निवासी ग्राम कोरालठेमली थाना नरहरपुर निवासी शादी के बाद से अपने ससुराल ग्राम बाबू साल्हेटोला में रहा रहा था। गुरुवार को अधेड़ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएन 4318 में सवार होकर किसी काम से अपने गृहग्राम कोरालठेमली गया था। जहां से शाम को मोटरसाइकिल चलाते वापस ग्राम बाबू साल्हेटोला लौट रहा था। इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 बी 7419 आ रही थी। नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक मनाराम सोरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नरहरपुर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल को मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया।

**मुलाकात :** भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित व पार्षद राजू के साथ पुलिस अधिकारियों से की मुलाकात

# नपाध्यक्ष प्रतिभा ने शहर की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता, सीसी कैमरे लगाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित चोपड़ा और पार्षद राजू पटेल ने पुलिस अधिकारी से मुलाकात कर शहर के विभिन्न विषयों तथा शहर की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने पुलिस अधिकारी से सभी एंट्री पॉइंट में कैमरे लगाने की मांग की। उन्होंने शहर के अंदर बंद पड़े कैमरों को चालू करने एवं नवीन जगह पर जरूरत के हिसाब से कैमरे लगाने की मांग की। सभी ने हेलमेट जैसे विषय पर जागरूकता अभियान चलाने की बात भी कही। सदर बाजार एवं बुधवारी बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कहा गया।

उन्होंने मुलाकात के दौरान कहा कि शहर में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। युवा लगातार नशे में लिप्त हो रहे हैं, जो कुछ खास जगह से वितरित होती हैं। शहर के सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विषयों पर विस्तार से पुलिस अधिकारियों से बात की गई। इस पर पुलिस अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया।



**एसपी से की बात**

पुलिस अधिकारियों से मुलाकात के बाद एक पीड़ित परिवार वहीं मिल गया। नगर पालिका अध्यक्ष से उन्होंने अपने विषय में हस्तक्षेप करने की गुजारिश की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने भी बड़ी सहजता के साथ और बड़ी गंभीरता से पीड़ित परिवार की बात सुनकर तत्काल पुलिस अधीक्षक से बात की और मामले की पूरी जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा नेता अजय बाफना, भवानी शर्मा, वैभव राखेचा, टिक्कू साहू, राजेश यादव उपस्थित थे।



## मां कंकालिन मैया मंदिर कनेरी में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

मां कंकालिन मैया मंदिर प्रांगण कनेरी में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर है। माता जी के मंदिर में 30 मार्च को 11 बजे दीप प्रज्वलित की जाएगी। 2 अप्रैल को पंचमी पूजा संध्या 3 बजे होगी एवं 5 अप्रैल को 4 बजे शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से शीतला मंदिर कनेरी के लिए प्रस्थान करेगी। नवरात्रि पर्व पर 2 अप्रैल को देवी जसगीत मंडली की प्रस्तुति होगी। जिसमें मां दुर्गा के नवरूप के नवरूप का दर्शन भक्त गोपीचंद कौशल नगर, हनुमान जी ग्यारहमुखी रूद्र अवतार, द्रौपदी चीरहरण की प्रस्तुति होगी। 30 व 31 मार्च को डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। 3 अप्रैल को मोर चिरईया के फूल गंगासागर नाचपार्टी कुलिया कनेरी द्वारा गांव से गुहार महेन्द्र सेन की प्रस्तुति होगी। 4 अप्रैल को महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खुदनी गुरूर ही प्रस्तुति होंगी। 5 अप्रैल को दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक जय बघरन पाट फाग जस मंडली ग्राम बागतराई दिनेश कुमार उर्वशा एवं साथियों द्वारा भक्त प्रहलाद की गाथा नव दुर्गा झांकी की प्रस्तुति होगी। 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा गांव की गलियों में भ्रमण करेगी तथा 4 बजे शोभायात्रा मां कंकालीन मंदिर कनेरी से शीतला मंदिर में ज्योति विसर्जन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी मां कंकालीन मैया मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा ने दी।

## जय अंबे रामधुनी परिवार कजराबांधा को दिया गया इस वर्ष का लोक कला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम कजराबांधा में एक दिवसीय फाग सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कजराबांधा खोमलाल साहू थे, अध्यक्षता उपसरपंच ग्राम पंचायत कजराबांधा पुष्पेंद्र साहू ने की। साथ में विशेष अतिथि साहित्यकार बालोद डॉ अशोक आकाश, जसवंत सार्वा, नेमीचंद देवांगन एवं समस्त पंचगन रहे साथ में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य बालोद मीना उमाशंकर साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंदरदेही सुचित्र हेमंत साहू साथ में ग्राम के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में ग्राम की



प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में इस वर्ष का लोक कला सम्मान जय अंबे रामधुनी परिवार कजराबांधा को दिया गया। साथ में सैनिक सम्मान, सियान सम्मान, नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विशेश्वर कुमार साहू (शिक्षक) ने किया। कार्यक्रम का संयोजन अलेंद्र कुमार साहू सब स्टेशन इंजीनियर ने किया। फाग सम्मेलन में आदर्श नवयुवक फाग मंडली पड़कीभाट, जय मां विंध्यवासिनी भाग मंडली गोकुलपुर

## शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुंदा में आर्टिस्टिक विजन नेहरू नगर के सहयोग से 30 दिवसीय ग्राफिक डिजाइनिंग कोर्स का आयोजन किया गया, जिसका समापन 21 मार्च को किया गया। इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को आधुनिक ग्राफिक डिजाइनिंग की तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। समापन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि डॉ. समीर दशपुत्रे (एचओडी, गणित विभाग) विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन किशोर कुमार टंडन ने किया। आर्टिस्टिक विजन की प्रशिक्षक काव्या द्वारा किया गया। इस दौरान छात्रों को एडोप फोटोशॉप, कोरल ड्रॉ, कैनवा जैसे सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक



जानकारी दी गई। इस कोर्स से छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग और क्रिएटिव ग्राफिक्स के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त हुए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता ने कहा कि यह कोर्स छात्रों के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा और भविष्य में भी इस तरह के व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## एकलव्य कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए रखी गई परिचय कक्षा





हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में 22 मार्च को स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 'परिचय कक्षा' आयोजित की गई। कक्षा में एनईपी क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयाजक संजय कुमार ठाकुर द्वारा स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के कोर्स, मूल्यांकन पद्धति, आंतरिक मूल्यांकन, असाइमेंट लेखन आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे, पुरूषोत्तम भुआर्य, फुलेश्वरी ठाकुर, टुशिका नायक सहित बड़ी संख्या में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दीवार लेखन व पेंटिंग के माध्यम से दे रहे जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

विश्व जल दिवस की थीम इस वर्ष ग्लेशियर संरक्षण है। पर्यावरण प्रेमी विरेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्लेशियर का पिघला पानी स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है। दिन प्रतिदिन बढ़ते धरती के तापक्रम के कारण भू जल स्तर नीचे जा रहा है। विरेन्द्र सिंह अपने छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ के कई जिले बालोद, कांकेर, राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई के अब तक लाखों स्कूली बच्चों, राष्ट्रीय सेवा योजना, ग्रामीणों काजल संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

विरेन्द्र सिंह द्वारा पिछले कई वर्षों से शादियों में वर वधु पक्ष के माध्यम से दीवार लेखन व पेंटिंग के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत युवाओं को लेकर तालाब, कुओं सहित प्राकृतिक जल







स्त्रोत की सफाई का संदेश भी दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की वर्ष 2023 में प्रसारित 101 वीं कड़ी में विरेन्द्र सिंह द्वारा किये जा रहे जल संरक्षण के छोटे-छोटे प्रयासों का उल्लेख किया था।

## केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष चुने गए योगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का सामाजिक चुनाव संपन्न हुआ। केंद्रीय अध्यक्ष पद पर योगेंद्र बेलचंदन, केंद्रीय महिला अध्यक्ष पद पर प्रीती देशमुख एवं केंद्रीय युवा अध्यक्ष के पद पर हेमंत देशमुख का चयन किया गया। इसके साथ ही समाज के अन्य पदों पर भी चुनाव किया गया जिसमें महासचिव ललित देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख,

युवा सचिव प्रदीप देशमुख और महिला सचिव पुष्पा पिपरिया चुने गए। चिंगरी सर्किल समाज के युवाओं गुलशन दिल्लीवार, युवराज देशमुख, रजत दिल्लीवार ने बताया कि केंद्रीय दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का चुनाव दिल्लीवार कुर्मी समाज के 13 सर्किल एवं 5 नगर इकाई में हुआ। दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक साथ मिलजुलकर कुर्मी क्षत्रिय समाज की



सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाकर समाज के हित एवं विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। केंद्रीय अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने कहा कि दिल्लीवार कुर्मी समाज को एक सूत्र में बांधकर समाज के हित में कार्य करते हुए समाज के अंदर में फैली हुई कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने का भी प्रयास करेंगे।

### यात्रियों से भरी बस डिवाइडर पर चढ़ी

**धमतरी।** केशकाल की ओर से रायपुर जा रही यात्रियों से भरी बस साइकल सवार दूधवाले को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकरा गई। घटना में दूधवाला वृद्ध व दो यात्री को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार महिन्द्रा ट्रेव्हलस की बस क्रमांक सीजी 05 जे 0721 शुक्रवार की सुबह यात्रियों को लेकर केशकाल की ओर से रायपुर जा रही थी। बस नेशनल हाईवे से गुजर रही थी। इसी दौरान सिहावा चौक के पास दूधवाला लच्छूराम साहू उम्र 65 वर्ष अधारी नवागांव निवासी सड़क क्रॉस कर रहा था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तहसील निषाद समाज ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

तहसील निषाद समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू थीं, अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष फागुनदाह पदूम निषाद ने की। उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, सरपंच ग्राम पंचायत धनेली बाल मुकुंद निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत तार्री सतरूपा बाई निषाद, अध्यक्ष टीआर निषाद, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू का सम्मान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport